# प्रतिदर्श प्रश्नपत्र

# 2024

## समाजशास्त्र (सैद्धान्तिक)

## SOCIOLOGY (Theory)

समय : 3 घण्टे ] [ पूर्णांक : 80

निर्देशः i) इस प्रश्नपत्र में कुल 29 प्रश्न हैं। सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।

There are in all 26 questions in this question paper. All questions are compulsory.

ii) प्रश्नों हेतु निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

Marks allotted to the questions are mentioned against them.

iii) प्रत्येक प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा समुचित उत्तर दीजिए।

Read each question carefully and answer to the point.

iv) प्रश्न संख्या 1 में 10 खण्ड हैं। प्रत्येक खण्ड बहुविकल्पीय प्रश्न है जिसमें प्रत्येक प्रश्न के उत्तर में चार विकल्प दिए गये है। सही विकल्प अपनी उत्तरपुस्तिका में लिखिए। खण्ड संख्या ix तथा x पूछे गये प्रश्न कथन व निष्कर्ष आधारित प्रश्न हैं। प्रत्येक खण्ड में पूछा गया प्रश्न एक अंक का है ।

There are 10 parts in Question No 1. Each part is a Multiple Choice Question. Here four options are given in each question. Write the correct option in your answer book. Questions asked in part ixand x are of Assertion-Reason type.The question asked in each part carries one mark

iii) प्रश्न संख्या 2 से 7 तक प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है । प्रश्न संख्या 8 से 17 तक प्रत्येक प्रश्न 2 अंकों का है (शब्द सीमा 40)। प्रश्न संख्या 18 से 25 तक प्रत्येक प्रश्न 3 अंक का है (शब्द सीमा 100)। प्रश्न संख्या 26 से 28 तक प्रत्येक प्रश्न 5 अंकों का है(शब्द सीमा 250)। प्रश्न संख्या 29 4 अंक का है जो केस स्टडी पर आधारित है।

Question No 2 to 7 carry one mark each. Question No 8 to 17 carry two marks each(word limit 40). Question No 18 to 25 carry three marks each and Question(word limit 100). No 26 to 28 carry five marks each(word limit 250). Question No 29 is based on Case study and is of 5 marks.

प्रश्न सं0 01–

(i) संयुक्त परिवार व्यवस्था पायी जाती है– 1

(a) नगरीय समाज में (b) ग्रामीण समाज में

(c) औद्योगिक समाज में (d) उपरोक्त में से काई नही

(ii) 2011 की जनगणना के अनुसार भारत में प्रति 1000 पुरुषों पर स्त्रियों की संख्या है– 1

(a) 935 (b) 960

(c) 943 (d) 1021

(iii) जाति (Caste)शब्द की उत्पत्ति किस भाषा से हुई है? 1

(a) ग्रीक (b) लैटिन

(c) स्पेनिश (d) संस्कृत

(iv) मंडल आयोग का गठन किस वर्ष किया गया? 1

(a) 1979 (b) 1989

(c) 1976 (d) 1942

(v) भारतीय संविधान में निम्न में से कौन सा मूल्य निहित है ? 1

(a) धर्मनिरपेक्षता (b) समानता

(c) स्वतंत्रता (d) उपरोक्त सभी

(vi) पंचायती राज्य व्यवस्था में कितने स्तर हैं ? 1

(a) 1 (b) 2

(c) 3 (d) 4

(vii) भारतीय अर्थव्यवस्था का माडल किस प्रकार का है ? 1

(a) पूंजीवादी (b) समाजवादी

(c) मिश्रित (d) उपरोक्त में से कोई नही

(viii) निम्न में कौन सा एक वर्ग नही है– 1

(a) ब्राह्मण (b) शिक्षक

(c) डाक्टर (d) वकील

निर्देश– नीचे दिए गये प्रश्न 1 के खण्ड संख्या ix तथा x कथन तथा निष्कर्ष पर आधारित हैं। दिए गये कथन के आधार पर दो निष्कर्ष दिए गये हैं। आपने दोनों निष्कर्षों पर विचार करते हुए दिए गये चार विकल्पों में से एक सही विकल्प का चयन करना है।

(ix) कथन– ब्रहम समाज की स्थापना राजा राममोहनराय द्वारा समाज में कुरीतियों को समाप्त करने व समाजसुधार के उद्‌देश्य से की गयी।

निष्कर्ष I – ब्रहम समाज केवल ब्रह्मचारियों के लिए बनाया गया था।
निष्कर्ष II – ब्रह्म समाज ने सती प्रथा का अंत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। 1

(a) केवल निष्कर्ष I सही है।
(b) केवल निष्कर्ष II सही है।
(c) निष्कर्ष I तथा II दोनों सही है।
(d) निष्कर्ष I तथा II दोनों गलत है।

(x) कथन– भारतीय कृषि में हरित क्रान्ति से बहुत बड़ा बदलाव आया।
निष्कर्ष I – कृषि में नई तकनीक, उन्नत बीजों व खाद का प्रयोग हुआ।
निष्कर्ष II – किसानों की आय में वृद्धि हुई।

(a) केवल निष्कर्ष I सही है।
(b) केवल निष्कर्ष II सही है।
(c) निष्कर्ष I तथा II दोनों सही है।
(d) निष्कर्ष I तथा II दोनों गलत है।

1

2– आर्य समाज की स्थापना किसने की ? 1
3– भारत में सार्वाधिक जनसंख्या वाला राज्य कौनसा है? 1
4– उत्तराखण्ड के गढ़वाल मण्डल में निवास करने वाली किसी एक जनजाति का नाम लिखिए। 1
5– एक ग्राम पंचायत में न्यायाधीश की भूमिका का निर्वहन कौन करता है? 1
6– भारत में राजनैतिक दलों को मान्यता कौन देता है? 1
7– भारत में उदारीकरण का प्रारम्भ कबसे माना जाता है? 1
8– 'प्रबल जाति' का अर्थ बताइये। 2
9– पितृवंशीय नातेदारी से क्या तात्पर्य है? 2
10– 19वी शताब्दी के चार भारतीय समाज सुधारकों के नाम लिखिए। 2
11– झूम कृषि से क्या आशय है? 2
12– क्षेत्रवाद का क्या अर्थ है? 2
13– उपनिवेशवाद का क्या अर्थ है? 2
14– पंच परमेश्वर की धारणा से आप क्या समझते हैं? 2
15– खुली बाजार व्यवस्था से क्या आशय है? 2
16–संस्कृति के भूमण्डलीकरण से क्या अभिप्राय है? 2
17– चिपको आन्दोलन क्या था? 2
18– भारत मे जनसंख्या वृद्धि के प्रमुख कारणों का उल्लेख कीजिए। 3
19– जाति किसे कहते हैं? इसकी विशेषताएं बताइये। 3
20– भारत में साम्प्रदायिकता के लिए उत्तरदायी कारणों की विवेचना कीजिए। 3

21– लैंगिक असमानता के लिए उत्तरदायी किन्ही तीन कारणों का उल्लेख कीजिए। 3

22– औद्योगिकरण के सामाजिक जीवन पर पड़ने वाले कोई तीन प्रभाव बताइये। 3

23– पश्चिमीकरण पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए। 3

24– भूमण्डलीकरण के सकारात्मक परिणामों का उल्लेख कीजिए। 3

25– दलित आन्दोलन के क्या परिणाम हुए? 3

26– माल्थस का जनसंख्या वृद्धि का सिद्धान्त क्या है। आलोचनात्मक व्याख्या कीजिए। 5

अथवा

जनसंख्या की 'आयु संरचना' से क्या तात्पर्य है? क्या भारतीय जनसंख्या की बदली हुई 'आयु संरचना' जनसांख्यिकीय लाभांश प्रदान कर रही है?

27– बहुलवादी और असमान राज्य में नागरिक समाज की क्या आवश्यकता है? विस्तार से समझाइये। 5

अथवा

देश व समाज के विकास मे हमारा सहभाग क्या हो? विस्तार से बताइये।

28– भूमि सुधार क्या है? भारत में भूमि सुधार के प्रमुख उपायों को विस्तार से समझाइये। 5

अथवा

हरित क्रान्ति क्या है? इसके क्रियान्चयन के विभिन्न चरणों की व्याख्या कीजिए।

29– निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उसके नीचे दिए गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए–

'एकी' का अर्थ एकता से है, अर्थात आदिवासी लोगों को सामाजिक न्याय दिलाने के लिए संगठित करना, सामन्ती शोषण से मुक्ति के लिए उनमें एकता का संचार करना आदि। इस आन्दोलन का सूत्रपात राजस्थान की मेवाड़ रियासत के भूदोल गांव (उदयपुर) में हुआ। इस आन्दोलन के जनक मातीलाल तेजावत नामक एक गैर आदिवासी व्यक्ति थे परन्तु इनका पैतृक व्यवसाय कृषि था। इस कारण से वे कृषकों की समस्याओं तथा उल पर किए जा रहे अत्याचारों जैसे बंधुआ मजदूरी, मनचाहा लगान वसूली, मारपीट आदि से भली भंति परिचित थे। जब ये अत्याचार अपनी पराकाष्ठा पर पहुंच गये तो इन्होनें इस अत्याचार के विरुद्ध आवाज उठाई, जिसके परिणामस्वरूप इन्हें कठिन यातनाएं सहनी पड़ी।

(i) एकी आन्दोलन क्या था? समझाइये। 2

(ii) एकी आन्दोलन के जनक मोतीलाल तेजावत द्वारा आदिवासियो के हितो के लिए किए गये कार्यों को बताइये। 2

(iii) एकी नामक आन्दोलन कहां से प्रारम्भ हुआ? 1

**नोट– परीक्षा में प्रश्न हिन्दी तथा अंग्रेजी दोनों भाषाओं में पूछे जायेंगे ।**